सुप्रभात
रविवार 05.05.2024
धनबाद, वर्ष 01, अंक 15
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ



# चाकूबाजी में घायल युवक की मौत, मैथन ओपी में हंगामा

**आक्रोशित परिजनों ने की आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** एक रिसेप्शन पार्टी में डीजे की धुन पर डांस करने को लेकर मारपीट एवं चाकूबाजी में घायल युवक विश्वजीत महतो की मौत शुक्रवार की शाम को हो गयी। उसके बाद आक्रोशित परिजनों एवं स्थानीय लोगों ने शव के साथ मैथन ओपी में शुक्रवार की देर रात करीब एक बजे तक हंगामा एवं घेराव किया। परिजन आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक अरूप चटर्जी भी देर रात मैथन ओपी पहुंचे और आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस पर दबाव बनाया। मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन ने आक्रोशित लोगों को समझाने-बुझाने का काफी प्रयास किया। कहा कि दो आरोपियों में एक वरुण शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और दूसरा आरोपी आकाश कुमार पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर का निवासी है। वह दुगार्पुर के ही एक



अस्पताल में आईसीयू में भर्ती है, वह भी मारपीट में गंभीर रूप से घायल हो गया था। ठीक होते ही पुलिस उसे गिरफ्तार कर लेगी। परंतु आक्रोशित लोगों ने पुलिस की एक नहीं सुनी। परिजन रिसेप्शन पार्टी के आयोजक राहुल पासवान की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ी रही। मैथन पुलिस ने देर रात एक बजे राहुल पासवान को गिरफ्तार किया। उसके बाद परिजन शांत हुए और घर वापस लौटे। शनिवार को मैथन पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। बताते चलें कि 30 अप्रैल को मैथन क्लब में राहुल पासवान की रिसेप्शन पार्टी में रात साढ़े बारह बजे डांस करने के दौरान युवकों के बीच झगड़ा हो गया। झगड़ा मारपीट व चाकूबाजी में तब्दील हो गया और चाकूबाजी में मैथन कमलपुर निवासी विश्वजीत महतो घायल हो गया था। उसे डीवीसी बीपी नियोगी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां डॉक्टरों ने उसे धनबाद के जेपी अस्पताल रेफर कर दिया था। शुक्रवार को बेहतर इलाज के लिए परिजन उसे दुगार्पुर ले जा रहे थे। परंतु रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। परिजनों ने डेड बॉडी लेकर डीवीसी बीपी नियोगी अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजनों सहित अन्य लोगों ने शव लेकर शाम सात बजे मैथन ओपी का घेराव कर आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की। स्थानीय लोगों की आक्रोशित भीड़ जुटने पर विभिन्न थानों से पुलिस बल को को मैथन ओपी बुला लिया गया था।

## इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा महतो 6 मई को करेंगे नामांकन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कतरास।** गिरिडीह लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो का नामांकन 6 मई को बोकारो जिले के सेक्टर 5 में होगा। इस अवसर पर भारी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहेंगे। यह जानकारी इंडिया गठबंधन के सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल के बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष रोहित यादव ने अपने आवास पर प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने दावा किया कि बाघमारा विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी को



पिछले चुनाव की तुलना में दुगुना वोट मिलेगा। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष अजमुल अंसारी, वरीय नेता रतिलाल टुडू, पानू अंसारी, संजय रजवार, रौनक सिन्हा, पंकज दिनकर, जाहिद अंसारी, पारस ठाकुर, ऋतिक सिंह, डब्लू बास्की, सोनू कुमार आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### डीसीएलआर ने आदिम जनजाति बहुल यूनिक बूथ का किया निरीक्षण



**धनबाद।** डीसीएलआर संतोष गुप्ता ने शनिवार को तोपचांची प्रखंड के आदिम जनजाति बहुल यूनिक बूथ भवरदाहा का निरीक्षण किया। अन्य मतदान केंद्र, इंटरमीडिएट स्ट्रॉन्ग रूम, सीएपीएफ क्लस्टर आदि का भी जायजा लिया। उन्होंने बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित अन्य सभी पदाधिकारी तथा कर्मियों के साथ बैठक कर आज चुनाव की तैयारियों की गहन समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सभी मतदान केंद्रों पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी सुनिश्चित करने, शीतल जल की व्यवस्था करने, अविलंब वोटर इन्फोर्मेशन स्लीप बांटे जाने, मतदाता सूची मार्किंग करने समेत अन्य निर्देश दिए गये हैं। सभी बूथों पर वोटरों की संख्या बढ़ाने के लिए 7 मई को मैं भी इलेक्शन एम्बेसेडर कार्यक्रम को प्रभावी बनाने का निर्देश दिया गया है।

### अवैध कोयला ले जा रही कई बाईक को ग्रामीणों ने पकडा

**महुदा।** महुदा से सटे दूसरे थाना क्षेत्र से बिना नम्बर प्लेट की मोटर साइकिल से कोयले की तस्करी की जा रही है। दर्जनों मोटर साइकिल से कोयला बोकारो जिला के चास मुफस्सिल थाना क्षेत्र में खुले अवैध टाल तक पहुंचाया जाता है। ज्यादा ट्रीप लगाने के चक्कर में अवैध कोयला लदी मोटर साइकिल का सवार इतनी तेज गति से गाड़ी चलाता है कि कभी भी दुर्घटना हो सकती है। इसी से खफा आज शनिवार को ग्रामीणों ने मोटर साइकिल को रोका। ग्रामीणों को देख सवार मोटर साइकिल छोड़कर भाग गया। पकड़ी गई मोटर साइकिल पर लदा कोयला को ग्रामीणों ने महुदा पुलिस को सौंप दिया। महुदा पुलिस जब्त कोयला और मोटर साइकिल को थाना ले आई है। पुलिस कोयला तस्कर के खिलाफ मामला दर्ज करने की तैयारी में है।

## कुमारधुबी पुलिस ने गांजा के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** कुमारधुबी बाजार स्थित एक दुकान में शुक्रवार की रात करीब आठ बजे पुलिस ने छापेमारी की और गांजा के साथ हीरालाल प्रसाद गोंड को गिरफ्तार कर लिया। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस को सूचना थी कि दुकान में तीन किलो गांजा है। फिलहाल नशेड़ियों को बेचने के लिये दुकान में से 20--25 पुड़िया गांजा बरामद हुआ है। छापेमारी दल का नेतृत्व कर रहे ओपी प्रभारी पंकज कुमार ने कहा कि सूचना थी कि बहुत दिनों से उस दुकान में गांजा की बिक्री होती है। तीन किलो गांजा रहने की सूचना थी। लेकिन पुलिस



के पहुंचने से पहले गांजा ठिकाने लगा दिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के बाद और गांजा बरामद होने की संभावना है। बता दें कि उस दुकान में इससे पहले भी पुलिस ने छापेमारी कर गांजा बरामद किया था। उस समय तालडांगा स्थित उसके घर से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ था।

# प्रिंस के आदेश पर संजय सिंह पर चली थी गोली

**हामिद संभाल रहा है प्रिंस का धनबाद में रंगदारी का कारोबार**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** संजय सिंह की रेकी करने के दौरान हथियार के साथ रंगे हाथ धाराएं प्रिंस के गुर्गे डोरेमोन उर्फ अयान अंसारी एवं अरमान पटियाला को पुलिस ने आज अदालत में पेश किया। धनबाद के प्रभारी मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी की अदालत ने दोनों को चौदह दिनों के न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। तीन मई 24 को पुलिस की स्पेशल टीम ने गुप्त सूचना पर दोनों को कोयला नगर के समीप से हथियार के साथ पकड़ा था। पुलिस को दिए बयान में डोरेमोन उर्फ अयान अंसारी उर्फ अयान शेख एवं अरमान पटियाला ने अपना जुर्म कबूल करते हुए स्वीकार किया है कि दोनों प्रिंस उर्फ छोटे सरकार के लिए काम करते हैं। वर्ष 24 में उसकी मुलाकात अपसार उर्फ सुभान हमीद से हुई थी वह पहले से प्रिंस के गिरोह का सदस्य है प्रिंस खान के लिए फिरौती वसूलने, रकम को प्रिंस तक पहुंचाने एवं नए लड़कों को गिरोह में शामिल करने का सारा करोबार वह संभालता है। जमीन के कारोबार के क्रम में उसकी मुलाकात अपसार से हुई थी। उसने कहा गिरोह में काम करने पर उसे वह पैसा देगा दोनों ने खुलासा किया है कि प्रिंस के कहने पर अपसार उर्फ सुभान ने संजय पर गोली चलवाई थी। काम के एवज में प्रिंस खान ने दो लाख रुपए देने को बोला था। पहले 40 हजार दिया, एक लाख 60 हजार रुपया काम पूरा होने पर देने की बात हुई थी। 40 हजार रुपए में से 20 हजार रुपए उसने आसिफ उर्फ रिहान को दे दिया था। और कम होने पर एक लाख देने की बात उससे कही थी। 25 अप्रैल 24 से पांच दिन पहले अपसार के स्विफ्ट डिजायर कार से डोरेमोन, पटियाला, एवं राहुल, रांगाटाड रेलवे ओवर ब्रिज पहुंचे जहां अपसार ने पांच पांच सौ रुपए का बंडल कुल डेढ लाख रुपए अयान ऊर्फ डोरेमोन को दिया और कहा कि मित्तल मेडिकल के सामने लड़का खड़ा होगा उसे रुपया दे देना वह प्रिंस का आदमी है। अपसार के कहने पर गोलू मित्तल मेडिकल के सामने खड़े उन तीनो लडकों को लेकर संजय सिंह के क्वार्टर की तरफ गया राहुल सिंह ने उन तीनों लड़कों को अपसर के पास से लेकर एक पिस्टल एवं कारतूस दिया। 25अप्रैल 24 को योजना के अनुसार डोरेमोन अरमान उर्फ पटियाला एवं अपसार रात 8:30 बजे मेमको मोड़ पहुंचे वहां तीनों ने बियर पिया अपसार के कहने पर डोरेमोन कोयला नगर संजय सिंह के क्वार्टर पर नजर रखने लगा। इसी बीच टीवीएस राइडर से तीनों लड़के आए और संजय सिंह के क्वार्टर पर गोली चलाई और स्टील को गेट की और मोटरसाइकिल से भाग गया दोनों ने खुलासा किया है कि 3 मई 24 को अपसार उर्फ सुभान हमीद ने डोरेमोन और अरमान पटियाला को कोयला नगर में देसी कट्टा और कारतूस देकर बोला कि संजय सिंह को ढूंढो मिलेगा तो उससे पैसा मांगना अगर पैसा नहीं दिया तो गोली मार देना। संजय सिंह दोनों लड़कों को नहीं मिले दोनों जब स्टील गेट से लौट रहे थे तो पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

## सीबीआई ने किया ईसीएल अधिकारी पांडे का रिमांड वापस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** सीबीआई ने ट्रांसफर के एवज में ईसीएल कमी संजीव कुमार से बीस हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ धराएं हरियाजाम ईस्ट कुमारधुबी कोलियरी के एजेंट राम प्रकाश पांडे की पुलिस हिरासत शनिवार को अदालत को वापस कर दी। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत ने आरोपी श्री पांडे को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। दो मई 24 को सीबीआई ने देर शाम राम प्रकाश पांडे को कोर्ट में पेश किया था । मामले के अनुसंधानक संदीप सिंह ने कोर्ट में आवेदन दायर कर आरोपी राम प्रकाश पांडे की चार दिनों की सीबीआई हिरासत की मांग की थी । लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट के विरोध के बाद अदालत ने आरोपी राम प्रकाश पांडे को दो दिनों की सीबीआई हिरासत देने का आदेश दिया था। कोलियरी ऐजेंट रामप्रकाश पांडे को एक मई को सीबीआई की टीम ने शाम करीब साढे छह बजे 20 हजार रुपये रिश्वत लेते दबोच लिया था। आरोप है कि कोलियरी के कर्मी संजीव कुमार सिन्हा का दूसरे जगह से ट्रांसफर कर लाने के एवज में एक लाख रुपए रिश्वत की मांग की गई थी। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक सीबीआई को पांडे के पास आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के भी कई सुराग मिले हैं जिस संबंध में सीबीआई जांच कर रही है।

## गोविंदपुर में पत्रकार के वयोवृद्ध पिता का निधन

**गोविंदपुर।** अवकाश प्राप्त राजस्व उप निरीक्षक एवं पत्रकार राजेश कुमार सिन्हा के पिता शिवनारायण प्रसाद (84 वर्ष) का निधन शुक्रवार को उनके गोविंदपुर स्थित आवास पर हो गया। वह दो पुत्र सुनील सिन्हा एवं राजेश सिन्हा तथा तीन पुत्री सुशीला देवी, ममता देवी एवं जूली देवी समेत भरपूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार खुदिया घाट पर हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## अवैध शराब कारोबार के विरुद्ध सीमावर्ती इलाके में छापा

**भारी मात्रा में स्प्रिट और रंगीन विदेशी शराब जब्त**

**गिरिडीह।** अवैध शराब कारोबार के विरुद्ध गिरिडीह और कोडरमा उत्पाद विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर भारी मात्रा में स्प्रिट और रंगीन विदेशी शराब जब्त की है। बताया गया कि दोनों जिलों की टीम ने घोड़थम्बा ओपी के करमाटांड़ पहाड़ी एवं मरकच्चो थाना के बरियारडीह में छापा मारा। टीम ने करमाटांड़ से 4 हजार 750 लीटर स्प्रिट और 700 लीटर रंगीन विदेशी शराब जब्त की। वहीं कोडरमा के बरियारडीह में टीम ने 4 हजार लीटर स्प्रिट बरामद की। हालांकि दोनों ही जगह अंधेरे का लाभ उठाकर धंधेबाज भाग खड़े हुए। छापेमारी दल में शामिल उत्पाद अवर निरीक्षक कुमार महेंद्र देवगम ने कार्रवाई की जानकारी देते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार की रात विशेष अभियान चलाया गया। बताया कि धंधेबाजों को चिंह्नित कर उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। छापेमारी दल का नेतृत्व उत्पाद अधीक्षक महेंद्र देव सिंह, कोडरमा उत्पाद अधीक्षक कर रहे थे। छापेमारी दल में उत्पाद अवर निरीक्षक गिरिडीह मनीष कुमार, कुमार महेंद्र देवगम, कोडरमा उत्पाद विभाग के सब इंस्पेक्टर निखिल कुमार, शिवसागर महतो, गिरिडीह उत्पाद में पदस्थापित हवलदार राम वचन यादव, भगवान राय, अजय सिंह, सुरेंद्र यादव, श्याम किशोर प्रसाद, बीरेंद्र सिंह समेत सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

### नन्हे हत्याकांड में बयान देते हुए सूचक ने कहा

## नन्हे को किसने गोली मारी, नहीं बता सकता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** जमीन कारोबारी नन्हे खान की सरेआम हत्या करने के मामले में शनिवार को अभियोजन ने मामले के सूचक अल्ताफ आलम उर्फ रूमी को बतौर गवाह पेश किया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रफुल्ल कुमार की अदालत मे बयान देते हुए रूमी ने कहा कि उसके भाई नन्हे को किसने गोली मारी वह नही बता सकता। अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है। 24 नवंबर 21 के दोपहर 3:20 बजे के करीब दो बाइक पर सवार चार शूटरों ने बुलेट से जा रहे 37 वर्षीय नन्हे पर गोलियां की बौछार कर दी। घटना को अंजाम देकर अपराधी आराम से भाग निकले थे। प्राथमिकी भाई अल्ताफ आलम उर्फ रूमी के फर्द बयान पर दर्ज की गई थी प्राथमिकी में कुल 12 लोग नामजद है, जिसमें गोपी खान ऊर्फ जियाऊर रहमान, गॉडविन खान ऊर्फ शौकत अली, बंटी खान ऊर्फ जियाऊल हक, प्रिंस खान ऊर्फ हैदर अली, शम्मी, इरफान मुखिया, हैदर खान, हीरा ड्राइवर, भोमा रजा, डिक्की, अनवर, एवं डिम्पी नामजद आरोपी बनाए गए थे। पुलिस ने इस मामले में प्रिंस खान की मां नसरीन खातून, बंटी, गोडविन अनवर उर्फ रहमत, डिक्की अंसारी उर्फ मुतुर्जा, हैदर खान, आजाद आलम एवं शाहबाज आलम समेत 20 के विरुद्ध चार्जशीट दायर किया था जबकि पुलिस ने गोपी, प्रिंस, समेत अन्य के विरुद्ध अनुसंधान जारी रखा है।

## कोडरमा में 17 तो गांडेय के चुनाव मैदान में 11 प्रत्याशी

**अल्पसंख्यक समुदाय के उम्मीदवारों की संख्या सबसे अधिक**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** नामांकन खत्म होने के बाद शनिवार को गिरिडीह के पपरवाटांड़ स्थित समाहरणालय में स्क्रूटनी की प्रकिया पूरी की गई। इस दौरान डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने जहां कोडरमा के प्रत्याशियों के नामांकन प्रपत्र की स्क्रूटनी की तो दूसरी तरफ जिला आपूर्ति पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी गुलाम समदानी ने गांडेय उप चुनाव के प्रत्याशियों के नामांकन प्रपत्र की स्क्रूटनी की। 26 अप्रैल से शुरू नामांकन की प्रकिया के अंतिम दिन शुक्रवार तक कोडरमा के लिए दलीय और निर्दलीय आधार पर 18 प्रत्याशियों ने 30 सेट में नामांकन का पर्चा



दाखिल किया था। शनिवार को स्क्रूटनी के बाद अब चुनाव मैदान में 17 प्रत्याशी रह गए हैं। स्क्रूटनी में 1 प्रत्याशी का पर्चा रद्द कर किया गया और अब कोडरमा के चुनावी रण में केन्द्रीय मंत्री सह भाजपा सांसद अन्नपूर्णा देवी हैं तो इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विनोद सिंह, निर्दलीय प्रत्याशी में झामुमो नेता जयप्रकाश वर्मा, मूलनिवासी समाज पार्टी के प्रत्याशी अजय कृष्ण, लोकहित अधिकार पार्टी के अखिलेशवर साहु के साथ निर्दलीय जयनारायण दास, राजेश, रामेशवर समेत कई और प्रत्याशी शामिल हैं। इधर गांडेय उपचुनाव के रण में 13 प्रत्याशियों ने नामांकन का प्रपत्र निर्वाची पदाधिकारी गुलाम समदानी के समक्ष दाखिल किया था। शनिवार को स्क्रूटनी के बाद अब 11 प्रत्याशी डटे हैं, जबकि 13 में दो निर्दलीय प्रत्याशी ज्याउद्दीन अंसारी और मुख्तार अंसारी का नामांकन प्रपत्र रदद् कर दिया गया। अब चुनाव मैदान में भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा, इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी कल्पना सोरेन, निर्दलीय प्रत्याशी अर्जुन बैठा, अवधेश सिंह, सब्बीर अंसारी, एआईएमआईएम से इंतेखाब अंसारी, कौसर आजाद, ताहिर अंसारी, शहादत अंसारी डटे

## भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने चलाया सघन जनसंपर्क अभियान




**धनबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने शनिवार को बस्ताकोला, इंडस्ट्री बस्ती, बनियाहीर, झरिया पोद्दारपाड़ा आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। जगह जगह नुक्कड़ सभा की और लोगों से प्रधानमंत्री को समर्थन देने की अपील की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 10 साल में गरीब, मजदूर, किसानों के लिए कई जन कल्याणकारी योजनाएं लाकर सभी को लाभ पहुंचाने का काम किया है, जिसमें उज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, मुफ्त अनाज योजना शामिल है। भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने झरिया के लोगों से प्रधानमंत्री के हाथ मजबूत करने की अपील की। मौके पर भाजपा महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय, योगेंद्र यादव, राजकुमार अग्रवाल, शैलेश सिंह चंद्रवंशी तथा ललन चौबे सहित दर्जनों नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सिंदरी कॉलेज के बाहर पंसस ने किया बीबीएमकेयू कुलपति का पुतला दहन

**मांगें नहीं हुई पूरी तो होगा सिर मुंडन आंदोलन और आमरण अनशन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी।** सिंदरी कॉलेज में इंटरमीडिएट की पढ़ाई शुरू करने को लेकर परसबनिया पंचायत समिति के सदस्यों ने शनिवार को बीबीएमकेयू कुलपति का पुतला दहन किया। चेतावनी देते हुए पंचायत समिति सदस्य रोहित महतो ने कहा कि बीबीएमकेयू प्रबंधन सकारात्मक पहल नहीं करता है तो आगामी 14 मई को सिर मुंडन कर आमरण अनशन करेंगे।

उन्होंने कहा कि बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी (बीबीएमकेयू) ने अपने अंगीभूत



कॉलेजों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई बंद करने का निर्देश दिया है। इससे सिंदरी कॉलेज में इंटर की पढ़ाई बंद कर दी गई है। प्राइवेट स्कूलों और अंशदान कॉलेजों में गरीब छात्रों से मनमानी फीस वसूली जा रही है। किसान, मजदूर सहित दलित मध्यम वर्गीय परिवार के छात्र छात्राओं का भविष्य अधर में लटक गया है। उन्होंने कहा कि गरीब परिवार के बच्चों की पढ़ाई बाधित करने के लिए विश्वविद्यालय षडयंत्र रच रहा है। उन्होंने कहा कि अगर छात्रहित में प्रबंधन सकारात्मक पहल नहीं करता है तो 14 मई को सिंदरी कॉलेज के बाहर छात्र सिर मुंडन कर विरोध जताएंगे और नामांकन सत्र शुरू होने तक आमरण अनशन करेंगे।


### चुनाव में जवानों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य का रखा जाएगा विशेष ध्यान

# सतुआ खा कर चुनाव में ड्यूटी करेंगे जवान

**महिला जवानों के लिये भी व्यवस्था**

**सौरभ पांडेय**

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव को लेकर धनबाद में पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। पुलिस उप महानिरीक्षक चुनाव कोषांग ने सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति से पूर्व राज्य भर की पुलिस को सात बिंदुओं पर निर्देश जारी किया है। जवानों के भोजन और पानी की ठोस व्यवस्था के साथ रहने व जरूरत के हिसाब से इलाज की भी पूरी व्यवस्था हर जिले में होनी चाहिए। मुख्यालय ने





### ऐसी व्यवस्था करने का निर्देश

चुनाव कार्य के लिए प्रतिनियुक्त सुरक्षा बलों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त तथा स्थानीय चिकित्सक के सहयोग से प्लाटूनवार एक-एक फास्ट ट्रैक किट उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें सभी जरूरी दवाएं उपलब्ध रहेंगी। ओआरएस तथा इलेक्ट्रोल पाउडर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। चुनाव कार्य में लगे सुरक्षा बलों को इसे ससमय उपलब्ध कराने में कोई समस्या उत्पन्न नहीं हो। सुरक्षा बलों के इस्तेमाल के लिए पीने का साफ पानी उपलब्ध कराया जाए। सुरक्षा बलों के सोने की जगह पर घड़ा की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाए। उत्तम भोजन की व्यवस्था, दवा व खाद्य पदार्थ के निर्माण व अंतिम तिथि जरूर चेक करें।

गर्मी को देखते हुए सुरक्षाकर्मियों के लिए पूरी सावधानी बरतने के लिए कहा है।

महिला जवानों की तैनाती को लेकर खास हिदायत दी गयी है। ज्ञातव्य है कि धनबाद जिले में कुल 2539 मतदान केंद्र हैं। 172 बूथ पर्दानशीं महिलाओं के लिये है, जहां महिला जवानों की ही तैनाती की जाएगी। इन तमाम केन्द्रों पर सुरक्षा बलों के जवान तैनात रहेंगे। ग्रामीण व कोलियरी क्षेत्रों में मुख्य समस्या पेयजल की है। महिला जवानों को नित्यक्रिया में भी असुविधा न हो, इस बात का खयाल रखने की भी हिदायत दी गई है।

स्पीड न्यूज

### चेंबर ऑफ कामर्स भी चलायेगा अभियान

फेडरेशन ऑफ जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष चेतन गोयनका ने कहा कि जिले के सभी 56 चैंबर ऑफ कॉमर्स मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन का साथ देंगे और स्वीप एक्टिविटी चलाएंगे। बैठक में सहायक श्रमायुक्त रंजीत कुमार, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन, डीएसडब्ल्यूओ अनिता कुजूर, डीपीआरओ सुनिल कुमार सिंह, जिला चेंबर के महासचिव अजय नारायण लाल, पूर्व अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, प्रमोद गोयल, लोकेश अग्रवाल, विकास पटवारी, धनबाद जिला डेकोरेटर एसोसिएशन के प्रदीप सिंह आदि मौजूद थे।

### पत्रकार के पिता के निधन पर गणमान्य लोगों ने जताया शोक



**गोविंदपुर।** अवकाश प्राप्त राजस्व उप निरीक्षक एवं पत्रकार राजेश कुमार सिन्हा के पिता शिवनारायण प्रसाद 84 वर्ष का निधन शुक्रवार को उनके गोविंदपुर स्थित आवास पर हो गया। वह दो पुत्रों सुनील सिन्हा एवं राजेश सिन्हा तथा तीन पुत्रियों सुशीला देवी, ममता देवी एवं जूली देवी समेत भरपूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनकी अंतिम क्रिया खुदिया घाट पर हुई। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। उनके निधन पर भाजपा नेत्री तारा देवी, शकुंतला मिश्रा, सुमिता दास, धर्मजीत सिंह बलदेव महतो, रतिरंजन गिरि, दिनेश मंडल, मुखिया गोविंद साव, गोविंद राय, तालेश्वर महतो, विवेकानंद पांडे, जयप्रकाश मिश्रा चुन्नी मजूमदार, कमलेश सिंह आदि ने संवेदना जताई है।

### पूर्वी टुडी में चावल लदा वाहन गड्ढे में गिरा

**पूर्वी टुंडी।** पूर्वी टुंडी थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर के धधकीटांड़ के पास अनियंत्रित टाटा मैजिक गाड़ी संख्या गड्ढे में जा गिरी। गाड़ी में लगभग 30 से 40 बोरा चावल लदा हुआ था। सूचना लोगों ने स्थानीय थाना और अंचल को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस तथा अंचलाधिकारी देव राज गुप्ता घटना स्थल पर पहुंचे। मौके पर चावल के बोरे बिखरे पड़े थे। अंचलाधिकारी से पूछा गया कि चावल वैध है याअवैध तो उन्होंने कहा कि यह जांच का विषय है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। चावल तथा टाटा मैजिक गाड़ी को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

### प्रेक्षक ने कोडरमा व गांडेय में नामांकन प्रकिया की ली जानकारी



**गिरिडीह।** कोडरमा लोकसभा व गांडेय विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों का जायजा लेने गिरिडीह पहुंचे सामान्य प्रेक्षक आलोक कुमार सिंह ने शनिवार को कोडरमा लोकसभा के निवार्ची पदाधिकारी से लोकसभा संसदीय क्षेत्र से हुए नामांकन प्रक्रिया तथा निर्वाचन को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने गांडेय विधानसभा के निर्वाची पदाधिकारी से गांडेय उपचुनाव को लेकर प्रत्याशियों के नामांकन प्रक्रिया की जानकारी लेने के बाद संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मीडिया कोषांग, स्ट्रॉन्ग रूम, ईवीएम वेयरहाउस आदि का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों व कर्मियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की क्रमवार जानकारी प्राप्त की तथा उनके दायित्व के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। विदित हो कि कोडरमा लोकसभा का मतदान 20 मई तथा गिरिडीह लोकसभा चुनाव का मतदान 25 मई को है। गांडेय विधानसभा उप चुनाव की मतदान तिथि 20 मई को कोडरमा लोकसभा चुनाव के साथ ही होना है। चुनाव के निमित्त सभी आवश्यक तैयारियां को सुदृढ़ किया जा रहा है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे ढुल्लू कहा

# किसी भी कार्यकर्ता की मेहनत बेकार नहीं जाएगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**भगतडीह।** बस्ताकोला वर्मा बंगला में शनिवार को मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह की चौथी पुण्यतिथि मनाई गई। भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने कहा कि किसी भी कार्यकर्ता की मेहनत बेकार नहीं जाने दी जाएगी। हर कार्यकर्ता के लिए खड़ा रहूंगा। नुक्कड़ सभाओं में विभिन्न समाज और क्लब ने प्रत्याशी का स्वागत किया। ढुल्लू ने कहा कि जो आज मेरे साथ खड़े हैं, कल मैं उनके दरवाजे पर खड़ा नजर आऊंगा। सिर्फ आवाज देने की जरूरत है। किसी भी कंपनी की मनमानी नहीं चलने दी जाएगी। इस दौरान बस्ताकोला मोड़, इंडस्ट्री ग्राउंड, संजय चाय दुकान, डोम बस्ती, भुइंया बस्ती, एना विवेकानंद क्लब, बाउरी समाज, हरि मंदिर कमिटी, ऐना वारियर्स क्लब, श्री श्री नरसिंह दलदल अखाड़ा की ओर से उनका स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष श्रवण राय, राजकुमार अग्रवाल, रामबालक मुखिया, संतोष शर्मा, बप्पी बाउरी, तरुण राय, रामदेव शर्मा, संजय रवानी, काजू राय, बिपिन मंडल, मधेसर चंद्रवंशी, हीरा प्रसाद, संजय साव, सूरज भुइंया, राजेश बाउरी मास्टर, गणेश भुइंया, रोहित भुइंया, रोहित बाध्यकार, छोटू बाध्यकार, सागर बाध्यकार, दारा सिंह, सोनू साव, राजेश बाउरी, श्रीकांत बाउरी, अरुण सिंह, नरेश सिंह, दयासागर पांडे, गोपाल प्रसाद, कल्लू रवानी, सोहन बाउरी, बिट्टू दुग्गू, राहुल सहानी, मोनू श्रीवास्तव, अरुण शर्मा, सोनू राउत आदि उपस्थित थे।



# डीसी ने दिये 'मैं भी इलेक्शन एम्बेसेडर' कैंपेन को सफल बनाने के निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** लोकसभा चुनाव में सभी निर्वाचकों को मतदान करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर कार्यक्रम चलाने का निर्णय लिया गया है। शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में स्वीप कोषांग, मीडिया कोषांग के पदाधिकारियों, नोडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर, चौंबर ऑफ कॉमर्स, डिस्ट्रिक्ट आईकॉन, सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर सहित अन्य अधिकारियों व कर्मियों के साथ बैठक हुई। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव में व्यापक रूप से मतदाता जागरुकता के लिए सात मई को शाम 6 से 8 बजे के मध्य सभी सोशल मीडिया हैंडल पर कैंपेनिग संचालित करने का निर्णय लिया गया है।

उपायुक्त ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में उदासीनता को दूर करने के लिए ज्यादा से ज्यादा स्वीप एक्टिविटी की जाये, ताकि अधिकाधिक संख्या में लोगों मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया जा सके।



#### डीसी ने दिया निर्देश

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को बेहतर कार्य योजना तैयार कर सभी विद्यालयों व महाविद्यालयों में स्वीप एक्टिविटी करने का निर्देश दिया। विद्यालयों, महाविद्यालयों में बच्चों के साथ उनके पैरेंट्स को भी जागरूक करने का निर्देश दिया गया।

# नाबालिग का अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी को पंद्रह वर्ष कैद

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ तीन दिन तक दुष्कर्म करनेके एक मामलेमें आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया। धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी ऊपर धोडा पुटकी निवासी कारा रजवार को पंद्रह वर्ष कैद एवं पंद्रह हजार की सजा सुनाई है। अभियुक्त कारा रजवार इस मामले में फरार चल रहा है जिसकी अनुपस्थिति में अदालत ने लीगल एड डिफेंस काउंसिल की दलील सुनने के बाद अपना फैसला सुनाया। प्राथमिकी पीड़िता के शिकायत पर 23 नवंबर 15 को पुटकी थाने में दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 19 नवंबर 15 को पीड़िता संध्या में शौच करने के लिए अपने घर से बाहर जंगल की ओर जा रही जंगल के समीप पहुंचते ही एक सफेद रंग की कार आई उसमे बैठे लोगों ने पीड़िता को जबरन मुंह बंद कर कार मे बिठा लिया दामोदर नदी पार पानी टंकी के कमरे मे ले गया। आरोप था कि कारा रजवार ने तीन दिनों तक पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 29 फरवरी 16 को आरोप पत्र दायर किया था। 12 अप्रैल 16 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी। इस दौरान अभियोजन ने आठ गवाहों का परीक्षण कराया था। सुनवाई के दौरान आरोपी फरार हो गया लिहाजा अदालत ने उसकी अनुपस्थिति में हीं सुनवाई शुरू की और उसे सजा सुनाई।

### गोमो में ट्रेन से कट कर युवक ने की आत्महत्या



**तोपचांची।** गोमो के खरियो रेलवे फाटक के समीप शनिवार को राजाबेडा निवासी 23 वर्षीय युवक विजय महतो ने किसी ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। शव रेलवे पटरी पर क्षत-विक्षत अवस्था में ग्रामीणों ने देखा। शव को देखने से प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। मृतक के परिजन घटना स्थल पर पहुंच गए हैं। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना के संबंध में खानुडीह जीआरपी मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है।


बजरंगबली प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर 24 घंटे का हरिकीर्तन

## मंदिर से निकली शोभा यात्रा, आज होगा भंडारा का आयोजन


खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** निरसा कांटा पहाड़ी बस्ती में शनिवार को श्री श्री बजरंगबली प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें भारी संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए। बजरंग बली मंदिर से शोभा यात्रा खुदिया नदी घाट पहुंची। वहां से कलश में जल भर कर महिलाएं और पुरुष नया डंगा काली मंदिर, बजरंगबली मंदिर की परिक्रमा करने के पश्चात पुनः पहाड़ी बस्ती हनुमान मंदिर पहुंचे, जहां कलश स्थापित किया गया।

मुख्य यजमान प्रदीप यादव पत्नी सहित पूजा पर बैठे, जहां पुरोहितों ने विधि विधान से पूजा कराई। पूजा के बाद 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन शुरू हुआ, जो रविवार को 12 बजे समाप्त होगा। साथ ही 2 बजे से मंदिर कमेटी की ओर से भंडारा का आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा में भारत स्वाभिमान न्यास के जिला संयोजक मनजीत सिंह, भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि योग समिति के मीडिया प्रभारी मनोज सिंह, समाजसेवी सह मुखिया प्रतिनिधि मनोज सिंह,निरसा मध्य पंचायत की मुखिया रीता देवी, ंचायत समिति सदस्य अर्जुन भुईयां, समाजसेवी शिवरतन प्रसाद, सुबाशीाष मंडल शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय वर्मा,सदन पासवान, दुखुबेग, राजेश कुशवाहा, दिलीप सर,बंटी सिंह, लक्ष्मण यादव, लखन गोराई, रवि बावरी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## बीआईटी सिंदरी में दूसरे दिन मॉडल क्लब ने संधान में दिखाए अनूठे इवेंट



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी के सबसे पुराने मॉडल क्लब द्वारा संस्थान में संधान कार्यक्रम के दूसरे दिन शनिवार को चुनौतियों से लेकर रियल वर्ल्ड के प्रोजेक्ट को जोड़ने वाले इवेंट को प्रदर्शित किया गया। इन इवेंटों में एल्गोएरेना राउंड 2, टेकी ऑफ द ईयर, हाइड्रोफ्लाइट, ड्रोन ए थॉन और रोबोसागा राउंड 2 शामिल थे। तकनीकी कौशल के रोमांचक प्रदर्शन के लिए आयोजित ये इवेंट प्रतिभाशाली दिमागों में रोबोटिक्स और ड्रोन के प्रति उत्साही छात्र-छात्राओं को एक उम्दा मंच प्रदान करते हैं। इस अवसर पर डीनोबली, डीएवी तथा सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल से आए छोटे छोटे बच्चों ने भी विज्ञान प्रदर्शनी में बढ़चढ़ कर भाग लिया। समारोह में सीडीसी अध्यक्ष डॉ घनश्याम, मॉडल क्लब के प्रभारी प्रोफेसर डॉ विनीत शेखर, आर के वर्मा, क्लब के चेयरपर्सन विकास कुमार, पायल कुमारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# जीटी रोड के एक होटल से तीन अपराधियों को पुलिस ने दबोचा

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव में शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से पुलिस हर अपराधिक गतिविधियों पर कड़ी नजर रख रही है। इसी कड़ी में आज शनिवार को गोविंदपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर खालसा होटल के समीप शांति गेस्ट हाउस में छापामारी कर तीन अपराधियों को हिरासत में ले लिया। उनके पास से एक पिस्टल,तीन जिंदा कारतूस, एक कार और तीन मोबाइल जब्त किया गया है। सभी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। यह जानकारी शनिवार को प्रेस कांन्फ्रेंस कर सिटी एसपी अजीत कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि उक्त गेस्ट हाउस में कुछ आपराधिक किस्म के लोग ठहरे हुए हैं, जो हथियार से लैस हैं। उसी सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। सभी को होटल के कमरा नंबर 102 से पकड़ा गया है। गिरतार अभियुक्तों में मो इबरान, संजू कुमार और मो जमशेद शामिल हैं। तीनों गिरिडीह जिला के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त मो इबरान का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। लूट एवं डकैती के कई मामले कई जिलों के अलग-अलग थानों में थे।



## डॉ मुकेश कुमार राय लायंस क्लब बाघमारा के अध्यक्ष बने

खबर मन्त्र संवाददाता

कतरास। हरिना स्थित श्री दुर्गा टाइल्स शोरूम में शनिवार को लायंस क्लब बाघमारा की बैठक सुभाष चंद्र बरनवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी सत्र के लिए नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। निर्वाचन पदाधिकारी के डीलु महतो की देखरेख में क्लब के प्रथम उपाध्यक्ष डॉ मुकेश कुमार राय के नाम का प्रस्ताव जोन चेयर पर्सन मिथिलेश कुमार ने अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तावित किया जिसपर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति दी। इसके अलावा नई कार्यकारिणी समिति में हिमांशु शेखर जमुआर उपाध्यक्ष, किशुन लाल महतो उपाध्यक्ष, सुनील कुमार सचिव, संजय बरनवाल कोषाध्यक्ष, एस एन राय प्रशासक, मिथिलेश कुमार पीआरओ, प्रवीर राय सर्विस चेयर पर्सन, शशि महथा फंड रेसिंग चेयर पर्सन, उमेश दास टेमर, पी के सिंह टेल ट्विस्टर निदेशक मंडल के सदस्य जय मंगल सिंह, सुभाष अग्रवाल, रघुनाथ महतो, सीताराम सीताराम हेलिवाल, गोविंद हेलीवाल चुने गए।



## मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने मांगा समर्थन, लोगों से की वोट देने की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता

**जोड़ापोखर।** धनबाद संसदीय क्षेत्र के मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने जेलगोड़ा क्षेत्र में दौरा कर जन समर्थन मांगा। स्थानीय लोगों से अपील की गई कि गरीब के बेटा को चुनाव में अपना सहयोग देकर दिल्ली भेजें, ताकि गरीब की आवाज दिल्ली तक पहुंचे। जेलगोड़ा निवासी हराधन गोप से मिलकर भरोसा दिया कि अमर गोप नामक राष्ट्रीय खिलाडी की गोली मारकर पाथरडीह में हत्या का मामला सुलजाएंगे। पुलिस ने अभी तक मामला का उद्भेदन नही किया है। चुनाव प्रचार में प्रदीप चैधरी, आलोक चौधरी, आकाश रजवार, शानू कुमार, तनिष रजवार आदि शामिल थे।



## धनबाद लोकसभा सीट से और 6 उम्मीदवारों ने भरा पर्चा

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव में नामांकन की आखिरी तारीख सिमटती जा रही है, जबकि प्रत्याशियों की संख्या बढ़ती जा रही है। धनबाद डीसी कार्यालय में शनिवार को भी नामांकन की प्रक्रिया जारी रही। पांचवें दिन डीसी माधवी मिश्रा के समक्ष 6 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया, जिसमें कृष्ण चन्द्र सिंह राज, नारायण गिरी, परवेज नैय्यर, राजीव तिवारी, रियाजुल हक तथा कामेश्वर प्रसाद वर्मा शामिल है। सभी निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव मैदान में कूद रहे हैं। कुछ चेहरे ऐसे भी हैं, जो इसके पहले भी चुनाव लड़ चुके हैं, हालांकि कामयाबी से दूर ही रहे हैं। ज्ञात हो कि धनबाद सीट को लेकर अब तक कुल 18 उम्मीदवार अपना नामांकन कर चुके हैं, जिनमें राष्ट्रीय दल भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी भी शामिल हैं। मुख्य लड़ाई भी इन्हीं दो दलों के बीच बताई जा रही है।

## राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आने से गोमो के लोको पायलट की मौत

▸▸ रेल कर्मियों में शोक की लहर, पूरे सम्मान के साथ पैतृक गांव बेजा गया शव

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद-गया रेल लाइना के गझंडी स्टेशन पर शनिवार की सुबह राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आने से लोको पायलट पंकज कुमार सिंह की मौत हो गई। वह गोमो में कार्यरत थे। उनके निधन से धनबाद रेल मंडल के कर्मियों में शोक की लहर दौड़ गई। ईसीआरकेयू के प्रतिनिधियों सहित सभी लोको पायलटों ने दो मिनट कर मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। यूनियन के एनके ख्वास ने बताया कि पोस्टमार्टम एवं अन्य कागजी प्रक्रिया पूरी कर उनके शव को तिरंगा में लपेटकर और फूल माला से सजाकर पूरे सम्मान के साथ उनके पैतृक आवास मुंगेर भेज दिया गया गया है। उन्होंने बताया कि वह बैंकर पायलट की डयूटी में गोमो से गझंडी गये थे। सुबह 4 बजे डयूटी पूरी करने के बाद वह चाभी देने के लिए रेल लाइन पार कर रहे थे, तभी चपेट में आ गए।

इस घटना के बाद कोडरमा आरपीएफ प्रभारी जवाहरलाल व मुख्य लोको निरीक्षक एके सिंह ने शव की पहचान कर कागजी प्रक्रिया पूरी करने में मुख्य भूमिका निभाई है। लोको पायलट के निधन पर यूनियन की कोडरमा शाखा के सचिव बीबी सिंह, उपाध्यक्ष अजय कुमार, संयुक्त सचिव संजीव नयन, लोको पायलट अजीत कुमार, प्रेम कुमार, प्रेम कुमार दीपक, कल्याण निरीक्षक राहुल कुमार सिंह, सहायक चालक मुकेश कुमार आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस दुख की घड़ी में परिजनों के साथ खड़े रहे।



### रंजय हत्याकांड में गवाह पेश करने का आदेश

**धनबाद।** विधायक संजीव के करीबी रंजय सिंह ऊर्फ रवि रंजन सिंह की हत्या के आरोप मे जेल मे बंद आरा बेरथ निवासी नंद कुमार सिंह उर्फ बबलू उर्फ रूना सिंह उर्फ मामा को जिला एवं सत्र न्यायाधिश अखलेश कुमार की अदालत ने रांची के होटवार जेल से वीसीएस के द्वारा पेश किया गया। वहीं जमानत पर मुक्त हर्ष सिंह आज हाजिर नहीं थे। अभियोजन। ने गवाह पेश करने हेतु समय की याचना की अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का निर्देश दिया है। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आयुष श्रीवास्तव ने पैरवी की। रूना सिंह ऊर्फ मामा ऊर्फ नंद किशोर सिंह 8 अगस्त से जेल मे बंद है। पांच नवंबर 18 को सरायढेला थाना प्रभारी निरंजन तिवारी ने मामा को शूटर बताते हुए उसके विरूद्ध अदालत मे चार्जशीट दायर किया था। जबकी चंदन शर्मा, हरेन्द्र सिंह के विरूद्ध अनुसंधान जारी रखा है। रंजय सिंह उर्फ राजीव रंजन सिंह की हत्या बिग बाजार के सामने चाणक्य नगर मोड़ पर 29 जनवरी 2017 के संध्या करीब 5:30 बजे रामेश्वर तिवारी के घर के समीप गोलियों से भून कर कर दी गई थी।

जिला चेंबर ऑफ कामर्स सहित सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर ने सहयोग का किया वादा

# डीसी ने लोगों से की इलेक्शन एम्बेसडर कार्यक्रम में शामिल होने की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर डीसी ने माधवी मिश्रा ने शनिवार को समाहरणालय में चेंबर ऑफ कॉमर्स, डिस्ट्रिक्ट आइकॉन, सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर, युटयूबर तथा पत्रकारों के साथ बैठक की। सभी से इस लोकतंत्र के महापर्व में बढ़चढ़ कर सहयोग देने की अपील की। मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि 7 मई को संध्या 6 बजे से 8 बजे तक अभियान चलाया जाएगा। इसमें चुनाव को लेकर जो स्वीप गतिविधियों की गई हैं या की जाएंगी, उसे हैश टैग मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर के साथ विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल्स पर केंद्रीय निर्वाचन आयोग, झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी व जिला निर्वाचन पदाधिकारी को टैग करते हुए अपलोड करना है। 2019 के लोकसभा चुनाव में धनबाद तथा झरिया में कम वोटर टर्न आउट पर चिंता प्रकट करते हुए डीसी ने युवा, फर्स्ट टाइम, शहरी क्षेत्र के मतदाताओं से मतदान को सर्वश्रेष्ठ प्राथमिकता देते हुए 25 मई को अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने की अपील की। डीसी ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर जिला प्रशासन की ओर से पेयजल, शेड, रैप, शौचालय सहित आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। गर्मी को देखते हुए उन्होंने सभी से सुबह जल्दी से मतदान केंद्र पर पहुंचकर वोट करने का आह्वान किया।



#### फूड पार्क में पहुंचने की अपील

नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने कहा कि पिछले चुनाव में धनबाद व झरिया विधानसभा क्षेत्र में सिर्फ 50 प्रतिशत मतदान हुआ था, जिसका सबसे कम आकंड़ा था। इसे बढ़ाने के लिए स्वीप कोषांग के माध्यम से लगातार जागरूकता अभिान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 5 मई को शहर के गोल्फ गाउण्ड में फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया है। जहां सभी के लिए फ्री इंट्री है। अपने परिवार के साथ यहां लोग बाजार से कम दर में अलग अलग व्यंजन का लुत्प उठाने के साथ मनोरंजन का भी आनंद ले सकते है। यहां लोगों को नुक्कड़ नाटक, छऊ नृत्य, संथाली नृत्य के माध्यम से वोट के प्रति जागरूक किया जायेगा। उन्होंने सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की।

